# KANNAUJ POLICE

दिनाँक: 15 जून 2024 — प्रेस नोट-जनपद कन्नौज

## जिलाधिकारी कन्नौज व पुलिस अधीक्षक कन्नौज द्वारा पुलिस लाइन कन्नौज में दीप प्रज्वलित कर योग सप्ताह का किया गया शुभारंभ।

आज दिनांक 15.06.2024 को आगामी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत चिल्ड्रेन पार्क पुलिस लाइन,कन्नौज में जिलाधिकारी कन्नौज शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद द्वारा दीप प्रज्वलित कर योग सप्ताह (15/06/24 से 21/06/24) का शुभारंभ किया गया तथा योग प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया गया। उपस्थित अधि/कर्म0गणो को योग के प्रति जागरुक करते हुए योगाभ्यास कराया गया। पुलिसकर्मियों को नियमित रुप से योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया गया । योग शिविर में पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया तथा बताया गया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है । स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है तथा तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर डॉ0 प्रियंका बाजपेई, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा अपने परिजनों एवं बच्चों के साथ प्रतिभाग किया गया।




"योग स्वयं और समाज के लिए"
दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के आयोजन हेतु
जनपद में योग सप्ताह : 15 जून से 21 जून 2024 तक
मनाये जाने हेतु कार्यक्रम का शुभारम्भ
स्थान- पुलिस लाइन ग्राउण्ड, कन्नौज
मुख्य अतिथि- मा. श्री असीम अरुण जी
श्रीमती अर्चना पाण्डेय जी
डा0 देवेन्द्र सिंह
डा0 प्रदीप कुमार विश्वकर्मा
सुशान्त कुमार शुक्ल
दिवस
2024 तक
कन्नौज



